कब तक स्वीकृत किये जाने और मध्य प्रदेश सरकार को दे दिये जाने की संभावना है ?

जल भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर) : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठता।

गंगा-भागीरथी जल परिवहन योजना की प्रगति

श्री शंकर दयाल सिंह : क्या जल भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गंगा भागीरथी जल परिवहन योजना की प्रगति का ब्यौरा क्या, है और

(ख) इस योजना के कब तक पूरा हो जाने की संभावना है तथा पूरी योजना पर कितना खर्च होने का अनुमान है?

जल भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) (क) और (ख) : गंगा भागीरथी हुगली नदी प्रणाली के इलाहाबाद हल्दिया खण्ड (1620 कि० मी०) को राष्ट्रीय जलमार्ग 1 घोषित किया गया है तथा इसे नौचालन के लिये चरणबद्ध रूप में विकसित किया जा रहा है । निम्नलिखित योजनाओं में प्रगति जारी है :—

(i) वर्ष 1994–95 के दौरान 2.55 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से हल्दिया पटना खण्ड में नौचालन चैनल का विकास।

(ii) पटना (गायघाट) तथा कलकत्ता में क्रमशः 4.90 करोड़ तथा 1.98 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से, टर्मिनलों के निर्माण के लिये योजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई थी । निर्माण की लागत में वृद्धि के कारण, पटना टर्मिनल के लिये संशोधित लागत अनुमान पर विचार किया जा रहा है। कलकत्ता टर्मिनल का निर्माण कार्य 1–4–1994 से 15 महीनों के भीतर पूरा किये जाने का कार्यक्रम है ।

(iii) निजी (प्राइवेट) प्रचालकों को एक वर्ष के लिये बिना किसी किराया प्रभार के दो आई० डब्ल्यू० टी० वैसल्स देने की 84 लाख रू० की अनुमानित लागत वाली एक योजना मंजूर की गई है। ये वैसल्स मरम्मत के पश्चात् तैयार हो रहे हैं ।

(iv) आई० डब्ल्यू० टी० द्वारा राष्ट्रीय जलमार्ग–I तथा II पर ढोये गये कार्गो पर आधारभूत संरचना सम्बन्धी सुविधाओं की अनुपलब्धता के कारण 10 पैसे प्रतिटन कि० मी० के हिसाब से क्षतिपूर्ति देने की 5.00 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत वाली एक और योजना को भी मंजूरी प्रदान की जा चुकी है और इसे 1–4–1993 से 5 वर्षों के लिये कार्यान्वित किया जा रहा है।

Central Assistance to State Transport Units

4S43. SHRI AHMED MOHMEDBHAI PATEL:

SHRI SURESH PACHOURI :

Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state :

(a) whether the Central Government has communicated to state Governments that no more central aid will be provided for State Transport Units;

(b) if so, whether it is also a fact that State Road Transport Undertakings' accumulated losses amounting to Rs. 4.400 crores in the current year;

(c) if so, whether these losses are continuing for the last three years;

(d) whether the Central budgetary assistance is given to these undertakings in the form of loan; and